दिन –शनिवार                                                                                    दिनांक– 31 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                                                   अवधि – 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर दस प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी की। इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क बीस प्रतिशत था।

————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण के रूप में इक्यासी हजार सात सौ पैंतीस करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त को स्वीकृति दे दी है। यह राशि दो जून को जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त से राज्य अपने पूंजीगत व्यय में तेजी ला सकेंगे और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्तपोषण कर सकेंगे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के एनएमसीएच परिसर में राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अस्पताल का निर्माण दो सौ चौंसठ करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा। दो सौ बेड की क्षमता वाले पांच मंजिला अस्पताल में मरीजों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————

भारतीय पर्यटक अब चार लाख पच्चीस हजार रूपये तक की नकद भारतीय मुद्रा नेपाल ले जा सकेंगे। नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु प्रसाद पोडेल ने बजट भाषण में यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था हवाई और सड़क मार्ग से नेपाल आने वाले यात्रियों पर लागू होगी। विशेषज्ञों के अनुसार इस व्यवस्था को लागू होने में कुछ महीनों का समय लग सकता है। इधर, हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि जिले

के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। इस फैसले से नेपाल जाने वाले पर्यटकों को भी काफी लाभ होगा।

———————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में आज अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी– पैरेंट मीट का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिक्षक और अभिभावकों के बीच संवाद हुआ। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने सभी विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को पैरेंट शिक्षक मीट कराने के निर्देश जारी किये हैं।

———————————————————

प्रदेश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना में सात लोगों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। इधर, कोविड के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज अस्पतालों में ऑक्सीजन अवसंरचना का मॉकड्रिल किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्यों को अपने स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की कार्यशीलता का परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मॉकड्रिल का उद्देश्य कोविड संक्रमण की स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति को निर्बाध बनाये रखना है।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, विभाग ने पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली और शिवहर जिले में एक–दो स्थानों पर बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम भागों– गया, नवादा, जमुई, बांका, भागलपुर और खगड़िया जिले में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

———————————————————

शिवहर जिले के पुरहनिया प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी झुनू मल्लिक को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————

शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के बेलखुंडी गांव में पिछले दिनों दो स्वर्ण व्यवसायियों से लूटपाट मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।